Bharat Temples

# काश मेरा घर हो बाबा, तेरे खाटू धाम में आन बसु मैं भी बाबा-, तेरे खाटू धाम में Bhajans Bhakti Songs

काश मेरा घर हो बाबा, तेरे खाटू धाम में
आन बसु मैं भी बाबा-, तेरे खाटू धाम में

खाटू की भूमि है पावन, बाबा की राजधानी
इस भूमि के कण कण में, बसता शीश का दानी
हर कोई आना चाहे बाबा-, तेरे खाटू गांव में
काश मेरा घर....

मंदिर की घण्टी से मेरे, दिन की हो शुरुआत
सुबह शाम दिन रात हो, श्याम नाम बरसात
घर मेरा बन जाये बाबा-, मंदिर के पास में
काश मेरा घर हो.....

आस मेरी पूरी करदो, करदो ये अहसान
चरणों में तेरे जगह मिले, करू ना कभी अभिमान
बस जाए गोपाल भी बाबा-, आके खाटू धाम में
काश मेरा घर हो.....

भजन लेखक :-
गोपाल गोयल श्याम दिवाना

Source:
https://www.bharattemples.com/kash-mera-ghar-ho-baba-tere-khatu-dham-me/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw